**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं० 4054**
**दिनांक 12.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# शौचालयों का निर्माण

**4054. श्री सुदर्शन भगतः**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण के संबंध में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है;
(ख) यदि हां, तो उक्त मिशन के तहत लाभान्वित परिवारों की कुल राज्य-वार संख्या क्या है;
(ग) क्या आज भी कई राज्य उक्त मिशन के कार्यान्वयन को लेकर उदासीन रुख अपनाए हुए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय**
**(श्री रतन लाल कटारिया)**

(क) और (ख) सरकार ने 2 अक्तूबर, 2014 से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] आरंभ किया था जिसका उद्देश्य देश के सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराकर भारत को 2 अक्तूबर, 2019 तक खुले में शौच मुक्त बनाना था। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा अनुरक्षित ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, एसबीएम (जी) के अन्तर्गत 10 करोड़ से अधिक वैयक्तिक घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) निर्मित किए गए हैं और इसके परिणामस्वरूप, 2 अक्तूबर, 2019 तक सभी 5,99,63 गांवों ने स्वयं को 'ओडीएफ' घोषित कर दिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित आईएचएचएल का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा '**अनुलग्नक**' में दिया गया है। घरेलू शौचालय के लाभ परिवार के सभी सदस्यों को प्राप्त होते हैं और ओडीएफ गांव के लाभ गांव में रहने वाले सभी लोगों को प्राप्त होते हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

अनुलग्नक

**दिनांक 12.12.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4054 के उत्तर के (क) और (ख) भाग में उल्लिखित अनुलग्नक**

**एसबीएम (जी) के अंतर्गत दिनांक 09.12.2019 तक निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश | निर्मित आईएचएचएल की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 19159 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3987914 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 130595 |
| 4 | असम | 3460651 |
| 5 | बिहार | 11859352 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 3404442 |
| 7 | दादरा एवं नागर हवेली | 18758 |
| 8 | दमन एवं दीव | 1600 |
| 9 | गोवा | 28637 |
| 10 | गुजरात | 3552958 |
| 11 | हरियाणा | 676452 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 172883 |
| 13 | जम्मू एवं कश्मीर | 1156374 |
| 14 | झारखंड | 3576367 |
| 15 | कर्नाटक | 4357797 |
| 16 | केरल | 226604 |
| 17 | लद्दाख | 16814 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 6595732 |
| 19 | महाराष्ट्र | 6188054 |
| 20 | मणिपुर | 259232 |
| 21 | मेघालय | 213813 |
| 22 | मिजोरम | 37145 |
| 23 | नागालैंड | 131325 |
| 24 | ओडिशा | 6847759 |
| 25 | पुडुचेरी | 28002 |
| 26 | पंजाब | 372636 |
| 27 | राजस्थान | 7915167 |
| 28 | सिक्किम | 6675 |
| 29 | तमिलनाडु | 5296930 |
| 30 | तेलंगाना | 3091218 |
| 31 | त्रिपुरा | 360755 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 20627735 |
| 33 | उत्तराखंड | 521689 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 6441921 |
| **कुल** | | **10,15,83,145** |

*स्रोतः एसबीएम (जी) आईएमआईएस*